E-mail: coecsjmuniversity@gmail.com

☎/📠: 0512-2246609
☎/📠: 0512-2246608

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी.ओ.ई./1257 /2025 — दिनांक: 29/12/2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

**विषयः सत्र 2025–26 के स्नातक एवं परास्नातक विषम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा/इण्टरनल असेसमेन्ट के अंक अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि सत्र 2025–26 के स्नातक एवं परास्नातक विषम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा के अंक ई0आर0पी0 पोर्टल पर एवं इण्टरनल असेसमेन्ट के अंक समर्थ पोर्टल पर अपलोड किये जाने की अन्तिम तिथि 28.12.2025 तक निर्धारित की गयी थी, जिसे महाविद्यालयों के अनुरोध के क्रम में दिनांक 31.12.2025 तक विस्तारित किया जाता है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि सत्र 2025–26 के स्नातक एवं परास्नातक विषम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा के अंक ई0आर0पी0 पोर्टल पर एवं इण्टरनल असेसमेन्ट के अंक समर्थ पोर्टल पर दिनांक 31.12.2025 तक आन्तरिक/बाह्य परीक्षक की उपस्थिति में अपनी देख–रेख में अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात अंकों को अपलोड कराया जाना सम्भव नहीं होगा एवं विश्वविद्यालय द्वारा सम्बन्धित छात्र/छात्राओं की अनुपस्थिति दर्ज कराते हुए परीक्षाफल घोषित कर दिया जायेगा।

भवदीय,

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद्, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
3. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
4. प्रोग्रामर, पी0एम0यू0 को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।
5. कोडिंग सेल।
6. सम्बन्धित पत्रावली।

(अंजलि मौर्या)
उप कुलसचिव (परीक्षा)

Scanned with OKEN Scanner